# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/अ–4/म.गां./अंग्रेजी माध्यम/2019–20/23 दिनांकः 22/10/

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) –माध्यमिक।

विषय :– जिला मुख्यालय पर नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) का नियमित निरीक्षण एवं सम्बलन प्रदान करने बाबत्।

प्रसंग :– प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) के पत्र अ.शा. पत्रांक–पं. 04(02) प्रा.शि/आयो./2018 जयपुर दिनांकः 27.08.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर शासकीय निर्देशानुरूप इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 14.06.2019 द्वारा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम का राजकीय विद्यालय "महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)" के नाम से स्थापित किया गया है।

राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम के उक्त विद्यालय की स्थापना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें उत्कृष्ट स्तर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था विभागीय लक्ष्य है। उपर्युक्त क्रम में शासकीय निर्देशों की समुचित पालना हेतु आप अपने अधीनस्थ नवस्थापित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय की स्थानीय स्तर की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिमाह उक्त विद्यालय का समुचित निरीक्षण कर वांछित सम्बलन प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उक्त विद्यालय हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक) को उक्त विद्यालय का साप्ताहिक आधार पर प्रबोधन एवं पर्यवेक्षण करते हुए उक्त विद्यालय के समुचित संचालन एवं शैक्षिक गुणवत्ता की सुनिश्चितता हेतु सतत् प्रगति समीक्षा एवं मूल्यांकन रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ।
2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) राजस्थान, बीकानेर।
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु।
7. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

D:\ma - D\General letter\General latter.doc176